an>

title: Need to permit sale of snacks, bottled drinking water, cold drinks and eatables at fruit/juice stalls a railway stations in the country.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) ः जैसा कि आप जानते हैं कि रेलवे ने देश के सभी रेलवे स्टेशनों पर फ्रैश फलों/ जूस के विक्रेताओं को स्टॉल आवंटित किए हैं, लेकिन सर्दी के मौसम में इनकी बिक्री में कमी होने के कारण7ा विक्रेताओं की आमदनी काफी कम हो गई है, जिसके कारण इन्हें अपने परिवार के भरण-पोषण में काफी दिक्कत हो रही है। इसके बारे में पूर्व में कई बार सांसदों एवं विक्रेताओं द्वारा सरकार को अवगत कराया गया है। सरकार द्वारा इसका अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। लेकिन यह देखने में आया है कि कई फल/जूस विक्रेताओं को फल/जूस के साथ-साथ ट्रेटरा पैक, पानी, शीत पेय, नमकीन, चिपस् आदि बेचने की अनुमति दी है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि देश के सभी रेलवे स्टेशनों पर, खासकर उत्तर रेलवे के स्टेशनों पर फल/जूस विक्रेताओं को अपने स्टॉल पर चिप्स, पानी, नमकीन, शीत पेय सहित अन्य चीजें बेचने की अनुमति दें जिससे ये विक्रेता अपने परिवार की अच्छी तरह से देखभाल कर सकें।